हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 24 अगस्त 2025

04 इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर बदहाल हो रही सड़क...



07 विद्यावंशी जैन व सनातनी समाज में आक्रोश...





## खबर संक्षेप

### 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 23 सितंबर तक मांगे

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाईट पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए।

### अवकाश के दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 27 अगस्त (गणेश चतुर्थी) समस्त शनिवार, 23 अगस्त, 30 अगस्त एवं समस्त रविवार, 24 अगस्त, 31 अगस्त को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

### दिगंबर जैन समाज में चातुर्मास के दौरान चल रहे हैं धार्मिक प्रवचन

# धन के पीछे मत भागो, पुण्य होगा तो धन आपके पीछे-पीछे भागेगा : विवर्धन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



सम्यक दर्शन चिंतामणि रत्न है, जिससे हम मोक्ष रूपी परम सुख को प्राप्त कर सकते हैं। अनंत सुख के धारी जिन प्रतिमा के दर्शन मात्र से ही सुख प्राप्त होगा। सांसारिक भोग से रुचि हटाकर धर्म में रुचि बढ़ाना चाहिए। पुण्य होगा तो धन आपके पीछे-पीछे भागेगा।

स्थानीय दिगंबर जैन समाज में इस वर्ष चातुर्मास हेतु विराजित मुनि विवर्धन सागर महाराज व मुनि विश्व नायक महाराज ने प्रवचन के दौरान यह बात समाज जनों के समक्ष कही गई। मुनिश्री ने कहाकि सुख में हम धर्म को भूल जाते हैं, धर्म से आत्मिक सुख प्राप्त होगा। धर्म में आनंद है यहां हमारी भावना होनी चाहिए। धर्म के मर्म के साथ आनंद प्रारंभ हो जाता है। अनंत सुख के धारी जिन प्रतिमा के दर्शन मात्र से ही सुख प्राप्त होगा। धर्म के हर माध्यम में लगना, उनका अवलंबन लेने से भी आनंद प्राप्त होगा। इससे ही आत्मा को अनुभव होने लगेगा। आत्मा का आनंद, अखंड, ज्ञाता दृष्टा स्वरूप भी समझ में आने लगेगा। उन्होंने कहा कि राग द्वेष से रहित होकर के हमें आत्मा का चिंतन करना है। जैसे-जैसे हमारा आत्म तत्व के प्रति रुचि जागृत होगी। वैसे-वैसे हमारे सांसारिक मोह कषाय समाप्त होते जाएंगे।

धर्म में रुचि बढ़ने पर संसार से रुचि घटने लगती है। हमें सांसारिक भोग में रुचि हटाकर धर्म में रूचि बढ़ाना चाहिए। आत्मा व धर्म को नित्य भाना चाहिए। इसीलिए अनुकूल प्रतिकूल परिस्थिति में भी धर्म को खेल नहीं समझना चाहिए। दैनिक कार्य को आगे पीछे करो धर्म कार्य को नहीं। धर्म के लिए योग, निमित्त सब मिल जाते हैं। धन के पीछे दुनिया भागती है, जबकि धन आपके पुण्य कर्म के कारण आपके पास आएगा। संकीर्ण दृष्टि के कारण हम मुद्रा के पीछे भाग रहे हैं। वहीं पुण्य के कारण धन आपके पीछे भागेगा।

मुनिश्री ने कहा कि संतों ने धन छोड़ दिया, इसलिए धनवाले भी उनके पीछे भाग रहे हैं। संसारी लोग रोटियां के पीछे भाग रहे हैं, वही संतों के पीछे रोटियां भाग रही है। हम दुःख की स्थिति आज जाने पर धर्म छोड़ने लगते हैं। इसीलिए हमें हमेशा आत्मा में लीन रहना चाहिए। दुःख में सुमिरन सब करे, सुख में करे न कोई। जो सुख में सुमिरन करे, तो दुःख काहे को होय। कहां गया है कि सुख में हम धर्म को भूल जाते हैं, जबकि आत्मिक सुख धर्म से ही प्राप्त होगा। उन्होंने कहाकि अनंत सुख को प्राप्त करने के लिए आत्मा के अंतरंग व बहि रंग साधन होते हैं। सभी गुण व दोषों का विचार करके जिसने प्रतिकूल परिस्थिति में भी धर्म धारण करना सीख लिया उसी की विजय होगी। अनकूल और प्रतिकूलता में गुण दोष का विचार करके धर्म मार्ग पर लगे रहना है। प्रतिकूल परिस्थिति में जिसका श्रेष्ठ विवेक जागृत होगा तो वहां सद्गति को प्राप्त करेगा।

मुनिश्री ने कहाकि आयु वंध होने के पूर्व अपने परिणामों को विशुद्ध रखो। परिणाम संभाल कर रखो, अशुभ आयु का वंध होने पर मरण के समय अशुभ विचार आयेगा। सदैव - सदैव निर्मल परिणाम होने से शुभ आयु का परिणाम होगा। प्रतिकूल परिस्थिति में धर्म का ध्यान रखने पर सीता जी अपने पति राम से अलग नहीं रहती है। सीता ने अग्नि परीक्षा में भी धर्म का ध्यान रखा। आत्मघाती महा पापी होता है। आत्महत्या करने वाले को नीच गति मिलती है। अग्नि परीक्षा के समय सीता धर्म ध्यान कर रही थी इसीलिए अनुकूल प्रतिकूल परिस्थिति में भी धर्म को खेल नहीं समझना चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि भगवान आदिनाथ के पुत्र भरत के नाम से इस राष्ट्र का नाम भारतवर्ष रखा गया।

# नलखेड़ा जैन समाज के युवा देश के कई स्थानों पर करा रहे पर्यूषण पर्व आराधना



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

देश के उन स्थानों पर जहां गुरु भगवंतों का चातुर्मास का योग नहीं है, वहां पर वर्धमान स्वाध्याय मंडल के सदस्यों द्वारा पर्यूषण महापर्व की आठ दिवसीय आराधना करवाई जा रही है। नलखेड़ा जैन समाज के युवा अर्हम राजेश कांठेड़ अलवर राजस्थान में पर्यूषण महापर्व की आराधना करा रहे हैं। अर्हम कांठेड़ श्री वर्धमान स्वाध्याय मंडल के संरक्षक नरेन्द्र मेहता, अध्यक्ष विनीत मेहता, उपाध्यक्ष यतीन्द्र भंडारी एवं क्षेत्र के प्रभारी अंशुल मेहता के मार्गदर्शन में इस वर्ष जैन धर्म के पावन पर्व पर 8 दिवसीय पर्युषण महापर्व की निःशुल्क आराधना करवाने के लिए अंशुल मेहता रामगंजमंडी एवं अर्पित बरडिया रावतभाटा के साथ अलवर पहुचे है।

इस दौरान वें सामयिक, प्रतिक्रमण, विभिन्न पूजन, अष्टानिका प्रवचन, कल्पसूत्र वाचन, धार्मिक प्रतियोगिता- प्रश्नोत्तरी, पाठशाला के बच्चो का सांस्कृतिक कार्यक्रम, भावभरी प्रभुभक्ति एवं अन्य कई धार्मिक आयोजन करवा रहे है। विभिन्न कार्यक्रमों में अलवर संघ के सभी पुरुष, महिलाएं एवं बच्चे उल्लास के साथ भाग ले रहे है। पर्यूषण पर्व के चौथे दिवस शनिवार को लाभार्थी परिवार ने तीनों स्वाध्याय बंधुओं को कल्पसूत्र शास्त्र अष्टप्रकारी पूजन एवं ज्ञान पूजन कर वोहराया गया। इसी के साथ कल्पसूत्र का वांचन प्रारंभ हुआ। साथ ही शनिवार अमावस्या के शुभ दिवस पर मूलनायक परमात्मा श्री मुनिसुव्रतनाथ का शक्रस्तव अभिषेक धूमधाम से किया गया, सभी कार्यक्रम में श्री संघ के सभी पुरुष महिलाएं बच्चे धूम धाम से भाग ले रहे हैं। जिससे पूरे संघ में जिनशासन की जाहोजलाली फैल रही है। इसी प्रकार नगर के गौरव बम रोहन सकलेचा, गौतम ठाकुरिया जबलपुर में पर्युषण पर्व आराधना संपन्न करवा रहे हैं। नगर के ही सौरभ ठाकुरिया तमिलनाडु में पर्व आराधना करवा रहे हैं।

# 'एक नगर, दो मंडल' की सियासत में उलझा सीहोर, मेष राशि से होगा दूसरा अध्यक्ष...!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के सीहोर नगर मंडल में इन दिनों अजीबोगरीब सियासी हलचल देखने को मिल रही है। जहां एक ओर महीनों से अटकी नगर मंडल की कार्यकारिणी के गठन का मुद्दा उलझा हुआ है, वहीं दूसरी ओर पार्टी ने अब नगर में एक और नए मंडल के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। इस दोहरी हलचल ने नगर की राजनीति में चर्चाओं का एक नया दौर छेड़ दिया है।

इधर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने अपनी कार्यकारिणी के नामों की सूची बनाकर काफी पहले ही भाजपा जिलाध्यक्ष को भेज दी थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं हो पाया है और कार्यकारिणी गठन की फाइल धूल फांक रही है।

**92 बूथ बने नए मंडल की वजह :** पार्टी के संगठनात्मक नियमों के अनुसार किसी भी क्षेत्र में 90 बूथ से ज्यादा होने पर वहां दो मंडल होना जरुरी होता है। सीहोर नगर में इस समय 92 बूथ हैं, यही वजह है कि संगठन ने अब यहां एक और मंडल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नगर मंडल को अब पुराने शहर मंडी-कस्बा क्षेत्र और नए शहर में बांटा जाएगा।

### नए अध्यक्ष के लिए भेजी तीन नाम की पैनल

नए मंडल के गठन के साथ ही नए अध्यक्ष की तलाश भी शुरू हो गई है। फिलहाल सुदीप प्रजापति पहले से ही नगर मंडल अध्यक्ष हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा दूसरे मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों की पैनल बनाकर भोपाल संगठन को सूची भेज दी गई है, जल्द ही दूसरे मंडल अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो जाएगा।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर में महाआरती व सम्मान समारोह हुआ

# धरोला के दो युवाओं का नौसेना में चयन होने पर गांव में हर्षोल्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम धरोला के दो होनहार युवा अनिल लववंशी एवं वीरेंद्र सिंह राजपूत ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर भारतीय नौसेना में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में हर्ष की लहर दौड़ गई। युवाओं की इस सफलता पर गांव के खेड़ापति हनुमान मंदिर प्रांगण में महाआरती एवं बधाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों की गूंज और पटाखों की आतिशबाज़ी के बीच दोनों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में भौतिक शास्त्र के प्राध्यापक डॉ. सुखदेव बैरागी ने युवाओं को सैन्य सेवाओं में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनिल और वीरेंद्र की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गाँव के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि निश्चित ही अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायी बनेगी और वे भी राष्ट्र सेवा की ओर अग्रसर होंगे। ग्रामीणों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि दोनों साथियों ने गाँव की इस गौरवपूर्ण परंपरा को गति प्रदान कि, अब सेना में पहुंचकर राष्ट्र रक्षा करेंगे, यह पूरे गांव के लिए गौरव की बात है।

# जब्बार खान के मकान की लीज- डीड होगी निरस्त नगर पालिका ने फिर चस्पा किया मकान पर नोटिस

**सीहोर।** जेल में बंद धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को नगरपालिका ने एक बार फिर जब्बार खान के मकान पर एक नोटिस चस्पा किया है, जिसमें भूखंड आवंटन नियम शर्तों का उल्लघंन पाए जाने पर भवन की लीज- डीड निरस्त करने का उल्लेख किया गया है। नोटिस में उसे जबाव देने के लिए 15 दिन की मोहलत दी गई है। उसके बाद बेदखली की कार्रवाई की जा सकेगी।



गत 17 अगस्त को धर्मांतरण के आरोप में पुलिस के हत्थे चढ़ा हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी जब्बार खान आ। जरदार खान जमानत याचिका निरस्त होने के कारण जेल में बंद है, जबकि सह आरोपी उसकी पत्नी ताहिरा खान फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से दूर फरार बताई जा रही है। धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान के खिलाफ शहर में जनाक्रोश का माहौल बना हुआ है और धार्मिक संगठनों द्वारा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। इसी तारतम्य में नगरपालिका ने भी जब्बार खान पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। तीन दिन पहले नपा द्वारा भवन निर्माण संबंधी अनुमति प्रस्तुत करने के लिए जब्बार खान के नाम पर नोटिस जारी किया था। नपाकर्मी जब नोटिस देने उसके घर पहुंचे तो अंदर से कोई बाहर नहीं निकला। नतीजतन नपाकर्मियों ने नोटिस उसके घर की दीवार पर चस्पा कर दिया था। इस दौरान नपा ने जब जब्बार खान के भवन संबंधी फाईल देखी तो उसमें पाया गया कि उक्त भवन पूर्व में अशोक डाबी के नाम पर आवंटित था, जिसे जब्बार खान ने उससे वर्ष 2018 में खरीदकर नामांतरण करा लिया था। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पत्रकारों के समक्ष बताया कि जब्बार खान द्वारा भूखंड आवंटन नियम, शर्तों एवं लीज-डीड की शर्तों का उल्लंघन किया गया है। उसके द्वारा भवन के ऊपरी तल पर नपा की अनुमति के बिना अवैध निर्माण किया है, इसके अलावा उसके द्वारा भवन में धर्मांतरण की गतिविधियों को भी अंजाम दिया जा रहा था। जिस पर पुलिस द्वारा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। नपाध्यक्ष ने कहा कि जब्बार खान के अवैधानिक कृत्य को देखते हुए उसके भवन ईडब्ल्यूएस भूखंड 20 की लीज- डीड समाप्त करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। 15 दिन में उसके द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो नपा द्वारा उसके भवन की लीज- डीड समाप्त कर देगी।

### बाबा रामदेव जन्मोत्सव पर जम्मा जागरण, ध्वज यात्रा व भंडारे का होगा आयोजन

**नलखेड़ा।** स्थानीय बल्डावदा रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बाबा के जन्मोत्सव पर बाबा रामदेव सेवाधाम समिति द्वारा दो दिवसीय धार्मिक आयोजन किए जाएंगे। नगर के बल्डावदा मंदिर मार्ग पर स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रविवार को रात्रि 8 बजे से जम्मा जागरण एवं सोमवार को प्रातः 8 बजे से श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से ध्वज यात्रा, सुबह 11 बजे से भंडारा एवं दोपहर 1.30 बजे बाबा को छप्पन भोग लगाकर महाआरती की जाएगी।

# शनिचरी अमावस्या पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

ग्राम कुशलपुरा में भारतीय विद्या मंदिर के स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। जिसमें ताड़, आंवला, गुलमोहर, अशोक जैसे सदाबहार पौधों को लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दिया। इस पुनीत कार्य में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना सहयोग प्रदान किया। शिक्षक आशीष शर्मा ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष हैं तो कल है। वृक्ष ही हमें विभिन्न आपदाओं जैसे भूस्खलन, ग्लोबल वार्मिंग, मिट्टी का कटाव, बाढ़ आदि से बचा सकते हैं। ऑक्सीजन का एक मात्र स्त्रोत वृक्ष ही है। अतः हमें अधिक से अधिक वृक्ष लगाना है और वृक्षों का संरक्षण करके अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है एवं धरती मां को सुंदर बनाना है।





### जैन आराधना भवन में कल्पसूत्र शास्त्र पर चल रहे प्रवचन

# 'कुल का मद करने से भव भ्रमण बढ़ जाता है'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

किसी भी व्यक्ति को अपने कुल का मद (अंहकार) नहीं करना चाहिये क्योंकि स्वयं परमात्मा महावीर को कर्म सत्ता ने नहीं छोड़ा तो साधारण मानव की क्या बिसात। दुनिया में अपनी पहचान जो बनाता है वह है ज्ञान, जो कर्मों के जाल में उलझी अपनी आत्मा को आजादी निश्चित करा दे वह है ध्यान, तथा तप एवं ध्यान का सर्वोच्च इनाम है केवल ज्ञान।




शनिवार को जैन आराधना भवन में कल्पसूत्र शास्त्र का वाचन करते हुए रत्ननिधि म.सा. एवं पुण्य निधि म.सा. ने यह बात बताई। शास्त्र वाचन के दौरान उन्होंने भगवान महावीर के 27 भवों के बारे में बताया कि भगवान महावीर का जीव तीसरे भव में प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के पुत्र भरत के पुत्र मरीचि थे। जिन्हें यह ज्ञात होने पर कि वहां 24वें तीर्थंकर बनेंगे उन्हें अपने कुल का मद होने से भव भ्रमण बढ़ने के कारण 27 वें भव में तीर्थंकर पद की प्राप्ति हुई। सभी तीर्थंकरों के पाच कल्याणक हुए लेकिन भगवान महावीर स्वामी के 6 कल्याण हुए। साध्वी जी ने कहा कि कल्पसूत्र के श्रवण से जीवन में परिवर्तन आता है। कल्पसूत्र में साधु साध्वी जी के गुणो के बारे में बताया कि साधु साध्वी 27 गुणो के धारी होते हैं। वहीं साधु समाचारी व नवकार महामंत्र की महिमा तथा प्रभाव के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहाकि दुनिया से जाने के पूर्व इतना पुण्य संचय कर लो कि हमें इस असार संसार में भव - भ्रमण न करना पड़े चित की उदारता होगी तो पुण्य बढ़ेगा। साध्वीजी ने कहा कि विनय गुण सब गुणो में श्रेष्ठ है, जिस घर में विनय नहीं है उस घर में बरकत भी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि माता-पिता की आज्ञा को हमें विनय पूर्वक स्वीकार करना चाहिए लेकिन जहां पाप कर्म बंध रहे हैं, वहां पर उनकी आज्ञा को उन्हें इस बारे में समझाते हुए उस कार्य को नहीं करना चाहिए।

साध्वीजी ने कहा कि कर्म किसी को नहीं छोड़ते हैं, हमारे कर्म हमें ही भोगना पड़ेगा दूसरा नहीं भोगता है। काया से बंधे कर्म काया से ही तोड़ने पड़ते हैं। कर्म का उदय होगा तो उसे भोगना ही होगा वही पुण्य का उदय होने पर हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। परमात्मा महावीर को अपने जीवन काल में सबसे अधिक उपसर्ग आए।

### जन्म वाचन कार्यक्रम आज

जैन आराधना भवन में रविवार को त्रिशला नंदन वीर भगवान महावीर का जन्म वाचन कार्यक्रम दोपहर 1 बजे से शुरू होगा, जिसमें माता त्रिशला द्वारा देखे गए 14 स्वप्न के साथ, भगवान का पालनाजी घर ले जाने की बोली, जिन मंदिरजी में होने वाली आरती की बोलियां लगाई जाएगी। इस दिन प्रातः 6 बजे जैन मंदिरजी से नगर में प्रभात फेरी निकाली जाएगी। तथा जैन आराधना भवन में प्रवचन उपरांत नगर में चैत्य परिपाटी निकाली जाएगी। तथा जैन धर्मशाला में महेश कुमार दिलीप कुमार माणकचंद ठाकुरिया परिवार की ओर से सुबह का साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम होगा। जन्म वाचन कार्यक्रम उपरांत नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा जिन मंदिरजी में सुरेशचंद, प्रकाशचंद, विजयकुमार, अशोककुमार इंदरमल फाफरिया की ओर से प्रभावना का वितरण किया जाएगा। तत्पश्चात जैन धर्मशाला में श्री संघ की ओर से साधार्मिक वात्सल्य का कार्यक्रम भी होगा। तत्पश्चात लाभार्थी परिवार के यहां बैड बाजे के साथ भगवान के पालना को घर ले जाया जाएगा। रात्रि में जिन मंदिरजी में प्रभु भक्ति का कार्यक्रम होगा।

## खबर संक्षेप

### थाना सिविल लाइन ने अवैध पिस्टल के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**देवास।** शनिवार को थाना सिविल लाइन पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति मेढकी रोड भगत सिंह गार्डन के पास अवैध पिस्टल लेकर गंभीर घटना कारित करने की नियत से घूम रहा है। सूचना विश्वसनीय होने पर थाना सिविल लाईन की विशेष टीम को तत्काल रवाना किया गया । टीम द्वारा बताये गये स्थान पर पहुंचकर उक्त हुलिये के व्यक्ति को एक देशी लोडेड पिस्टल 01 नग जिंदा कारतूस के साथ घेराबंदी कर पकडा । जिससे नाम पूछने पर अपना नाम गोलु उर्फ पार्षद उर्फ मनोज पिता राजेन्द्र शर्मा उम्र 25 साल निवासी 18 गोपाल नगर ईटावा थाना सिविल लाईन देवास बताया। आरोपी गोलु के विरूद्ध थाना सिविल लाईन देवास पर अपराध क्रमांक 444/2025 धारा 25,27 आयुध अधिनियम 1959 का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक हितेश पाटिल,सउनि राकेश तिवारी,प्रआर पवन पटेल,समंदर सिंह मालवीय,आर मातादीन धाकड,राहुल परमार की सराहनीय भूमिका रही ।

### राघौगढ़ से भमोरी तक की सड़क पर गड्ढे ज्यादा सड़क कम, लोग हो रहे परेशान

# इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर बदहाल हो रही सड़क, दे रही हादसों को न्यौता

### जान जोखिम में डाल गुजर रहे वाहन चालक, व्यस्तम हाइवे पर रोज गुजरते हैं,हजारों वाहन, आए दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



इन दिनों क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से इंदौर बैतूल नेशनल हाईवे हालत बेहद खराब हो गई है। इस सड़क परराघौगढ़ से भमोरी तक जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। कई जगहों पर तो गड्ढे ज्यादा हो गए हैं और सड़क कम रह गई है। इनमें पानी भरने से वाहनों के फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बढ़ गई है। इंदौर-बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग वर्षा काल में बदहाल हो गया है। जगह-जगह बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं जबकि कुछ माह पहले ही इस क्षेत्र में डामरीकरण किया गया था। गड्डों के कारण दोपहिया वाहन से लेकर बड़े वाहनों के चालक व यात्री एक ओर दिक्कतों का सामना कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। सुधार कार्य को लेकर कोई प्रयास होते नजर नहीं आ रहे हैं।राघौगढ़ से भमोरी तक की सड़क पर गड्ढे ज्यादा और सड़क कम है, जिसके चलते आमजन परेशान हो रहे हैं।

बदहाल हाइवे हादसों को न्यौता दे रहा है। वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डाल कर गुजर रहे है।व्यस्तम हाइवे पर रोज गुजरते हजारों वाहन गुजरते है, बावजूद इसके कोई ध्यान देने वाला नहीं है। राघौगढ़ से लेकर भमोरी चौकी तक रोड की हालत खस्ता हो गई है। चापडा से खेड़ाखाल तक भी खतरनाक गड्ढों के कारण इस मार्ग पर वाहन रेंगते हुए चल रहे हैं। वहीं गड्ढों में वर्षा का पानी भरने से दो पहिया वाहन चालकों का संतुलन बिगड़ रहा है, लोग गिरते-पड़ते सफर कर रहे हैं। राघौगढ़ के रितेश वर्मा ने बताया गड्ढ़ों की समस्या तो है ही, कई जगह रोड उखड़ गया है। बस मालिक रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि इंदौर बैतूल की हालत बारिश से खराब हो गई है। राघौगढ़ से चापड़ा तक मार्ग की हालत दयनीय है। गड्डों के कारण बस में भी नुकसान होता रहता है, दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता है। मार्ग पर चलने वाले चार पहिया वाहनों के साथ साथ दोपहिया वाहनों की तो हालत ओर ज्यादा खराब है। राहगीर संतोष प्रजापति ने बताया कि कुछ दिन पूर्व ही मार्ग का निर्माण किया गया और अब वर्षा में इस मार्ग पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं।अधिकारियों को शीघ्र ही इस और ध्यान देना चाहिए। नरेंद्र ठाकुर ने बताया करनावद फाटे पर गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं एवं हनुमान मंदिर के पास पुलिया पर बहुत बड़ा गड्ढ़ा होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। वैसे तो यह रोड कहने को तो राष्ट्रीय राजमार्ग है लेकिन इसको देखने में ऐसा लगता नहीं है। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय की भी बर्बादी भी हो रही है। घनश्याम इहलरिया ने बताया कि खतरनाक गड्ढ़ों के कारण वाहन



चलाना मुश्किल हो गया है। बारी नाका से लेकर भमौरी चौकी तक यह डेंजर जोन है, यहां आए दिन दुर्घटना होती रहती है। हालांकि कुछ हिस्सों में जिम्मेदारों व्दारा गिट्टी से गड्ढे भरे जा रहे है, लेकिन वह वापस निकल जाते हैं जिसके कारण गड्ढे कि समस्त हल नहीं हो पा रही है।

# सोशल मीडिया पर न्यायपालिका पर अभद्र टिप्पणी मामले में कोर्ट ने दिखाई सख्ती

### टिप्पणीकर्ता पर एफआईआर दर्ज करने दिए आदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अभिभाषक संघ ने न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाने के मामले में कार्रवाई की मांग की है। संघ ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में आवेदन दिया है। मामला 14 अगस्त 2025 का है।

शक्ति सिंह तोमर नाम के व्यक्ति ने अपनी फेसबुक आईडी से सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस आर. महादेवन और जस्टिस जे.बी. पारदीवाला के साथ सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की।जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा के नेतृत्व में वकीलों ने इस मामले की शिकायत पहले थाने और पुलिस अधीक्षक से की। पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न करने पर वकीलों ने सीजेएम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।वकीलों के अनुसार यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2), 224, 152, 132, 296, 351 और आईटी एक्ट की धारा 66-ए व 67 के तहत अपराध है। इस पर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। अभिभाषकअधिवक्ता अशोक वर्मा द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने फेसबुक पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों एवं सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता के विरुद्ध अभद्र भाषा में पोस्ट करने वाले शक्तिसिंह तोमर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं। अधिवक्ता वर्मा ने बताया कि तोमर ने अपनी फेसबुक आईडी से 14 अगस्त को आपत्तिजनक पोस्ट कर न्यायपालिका की गरिमा को ठेस पहुंचाई थी। न्यायालय ने मामले को प्रथम दृष्टया संज्ञेय अपराध मानते हुए निर्देश दिए कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 353(2), 224, 152, 132, 296 एवं 351 तथा आईटी एक्ट की धारा 67 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर जांच की जाए। साथ ही एफआईआर की प्रति तत्काल न्यायालय को भेजने के आदेश दिए। मामला अब 22 सितंबर को अंतिम प्रतिवेदन हेतु न्यायालय में पेश होगा।

### आसरा सामाजिक संस्था में विधिक साक्षरता शिविर हुआ आयोजित

**देवास।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शनिवार को आसरा सामाजिक संस्था देवास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उमाशंकर अग्रवाल अतिरिक्त जिला न्यायाधीश एवं रोहित श्रीवास्तव सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित थी। उपस्थित महिला आशा कार्यकर्ताओं को महिलाओं के अधिकार एवं उनके संरक्षण से संबंधित कानून की जानकारी दी जाकर उन्हें जागरूक किया।




### वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जयंती पर हिन्दू एकता संकल्प सभा व शौर्य यात्रा आज

**देवास।** वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जन्मोत्सव के अवसर पर हिन्दू एकता संकल्प सभा एवं शौर्य यात्रा का आयोजन 24 अगस्त, रविवार को देवास के सयाजी द्वार पर किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। विशेष अतिथि के रूप में विधायक गायत्री राजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव उपस्थित रहेंगे। मुख्य अतिथियों में रामगोपालसिंह राजपूत राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय लोधी लोधा समाज, प्रीतमसिंह लोधी विधायक, पिछोर विधानसभा, मोहितराम पाठक मुख्य वक्ता एवं कथावाचक, सिहोर वाले तथा अशोक वर्मा प्रदेश अध्यक्ष, लोधी समाज, महेंद्र सिंह लोधी, गजानन सिंह लोधी शामिल होंगे। आयोजन समिति में नारायणसिंह लोधी सरपंच, राघौगढ़, मिश्रीलाल लोधी जिला अध्यक्ष, लोधी समाज, रमेश कौशल प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष, लोधी समाज, मुरारीलाल लोधी प्रदेश मंत्री, लोधी समाज एवं पिन्टू लोधी युवा जिला अध्यक्ष, लोधी समाज सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम का आयोजन वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी जन्मोत्सव समारोह समिति एवं समस्त लोधी समाज देवास द्वारा किया जा रहा है। उक्त आयोजन में भंवरा, मक्सी, टोंक, छावनी राघौगढ़, नेवरी, लालाखेड़ी बरौली, सहित प्रदेशभर से समाजजन शामिल होंगे।

# सेनथॉम एकेडमी में हुआ विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉमएकेडमी, भोपाल रोड में कक्षा 7, 8 और 9 के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष 'विधिक जागरूकता सत्र' का आयोजन किया गया।

इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान समय के महत्वपूर्ण मुद्दों से अवगत कराना था। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश आदेश कुमार जैन मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उन्हें ऑनलाइन गेमिंग के खतरों, सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग से बचाव और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जो निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराता है, के महत्व के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने अनुशासन, सुरक्षित आदतें, प्रभावी अध्ययन तकनीकों पर उपयोगी सुझाव दिए तथा विद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के प्रति जागरूक किया।

सरल और सहज भाषा का प्रयोग कर उन्होंने बच्चों से जुड़ते हुए महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने हेतु वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश रोहित श्रीवास्तव इस अवसर पर उपस्थित रहे।सत्र की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. रितीश द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसमें उन्होंने उन्हें सम्मान स्वरूप पौधे भेंट किए।इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अधिक जागरूक, प्रेरित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक एवं विद्यार्थी बनाने की दिशा में योगदान प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन निपुणिका शर्मा द्वारा किया गया।

# निगम ने कुछ क्षेत्रों में जल वितरण के समय में किया परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगर निगम जलप्रदाय विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार को सुबह से माता टेकरी रपट मार्ग पर पाईप लाईन जोड़ने का कार्य के कारण क्षिप्रा प्लांट 15 एम एल डी की पाईप लाईन का शटडाउन सुबह 08 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा, जिसमे शहर की निम्न टंकी का जल वितरण सनसिटी पार्ट 02, सनसिटी पार्ट 01,आनंद ऋषि नगर टंकी, नागदा टंकी का जल वितरण प्रभावित होगा।

पाईप लाईन जोड़ने के पश्चात टंकी भरने के उपरांत जल वितरण चालू किया जाएगा। वार्ड क्रमांक 43 बालगढ मल्टी का जल वितरण सोमवार को किया जाएगा। आनंदऋषि नगर टंकी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 22 एल आई जी नगर, सर्वोदय नगर, हरी ओम नगर का जल वितरण रविवार को न होकर सोमवार को शाम को किया जाएगा। सनसिटी पार्ट 02 टंकी क्षेत्र से होने वाला जल वितरण वार्ड क्रमांक 20 सनसिटी पार्ट 01 ,वार्ड क्रमांक 18 सनसिटी पार्ट 02 ,कार्तिक नगर, अक्षत नगर, वार्ड 19 रामचन्द्र नगर, मृदुल विहार, गौतम नगर, ईश्वर नगर का जल वितरण रविवार को न होकर सोमवार को होगा।नागदा गांव वार्ड क्रमांक 45 नागदा क्षेत्र, वार्ड क्रमांक 44 शंकरगढ गिट्टी खदान क्षेत्र का जल वितरण रविवार को न होकर सोमवार को होगा।

# बाढ़ आपदाओं से बचने दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



प्राकृतिक झरने, तालाब नदी किनारे मौजमस्ती के दौरान होने वाली घटनाएँ बड़ी है। घटना की वीडियोग्राफी के बजाए मदद के हाथ आगे बढ़ाने से घटनाएं रुकेंगी। यह बात मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सीएम राईस स्कुल बागली में आयोजित हुए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्लाटून कमाण्डर वीना कौशल ने कही है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि में सोनम भगत, पिहू कोरील, गगन शिवहरे, सोनिया वर्मा आदि उपस्थित रहे। जिला आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा 400 से अधिक बच्चों को आपात स्थितियों में आहत व्यक्ति को सीपीआर देना, अग्नि सुरक्षा अग्निशमन यन्त्रों का उपयोग,1 सर्पदंश होने पर आहत की प्राथमिक व्यवस्था, आकाशीय बिजली से रोकथाम ,बाढ आपदा प्रबंधन संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। जन जागृति कार्यक्रम का उद्देश्य आमतौर पर आपदा प्रबंधन नागरिक सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों की जागरूकता विषय पर व्याख्यान एवं प्रदर्शन करके प्रशिक्षण दिया गया। मध्यप्रदेश शासन लगातर स्कूली बच्चों को ट्रेनिंग एंड कैपेसिटी बिल्डिंग डिजास्टर रिस्पांस टीम द्वारा आपदा प्रबंधन जन जागृति कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। आयोजन में बच्चों ने अपनी जिज्ञासा अनुसार प्रश्न किए, जिस पर टीम ने जबाव दिए। कार्यक्रम का संचालन गौरव चंद्रवाल ने किया।

# पीएम श्री में ग्रीन गणेश कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को माटी के गणेश बनाने का दिया प्रशिक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमलापुर मे ग्रीन गणेश प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से गणेश उत्सव मनाने के लिए जागरूक और प्रशिक्षित करना था। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत चयनित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य एवं भारत स्वाभिमान ट्रस्ट जिला देवास के सदस्यों,राकेश जाट, श्याम दरबार, राजेश शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को मिट्टी, गोबर, कागज़ की लुगदी और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करके गणेश मूर्ति बनाने का प्रशिक्षण दिया। साथ ही पूजा सामग्री व सजावट में थर्माकॉल और प्लास्टिक से बचने तथा कपड़ा, बांस, फूल और पत्तियों का उपयोग करने पर विशेष जोर दिया गया।विद्यालय के प्राचार्य अनंत नागर ने विद्यार्थियों को बताया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियाँ और रासायनिक रंग नदियों और झीलों को प्रदूषित करते हैं। इसके स्थान पर ईको-फ्रेंडली मूर्तियों का उपयोग कर पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है।इसके अतिरिक्त, कार्यक्रम में घर पर छोटे टब या बाल्टी में विसर्जन और सामुदायिक स्तर पर कृत्रिम तालाब में विसर्जन के तरीकों का भी प्रदर्शन किया गया। विसर्जन के बाद बची मिट्टी को पौधारोपण के लिए उपयोग करने की प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी दीपक बागेला ने कहा, ईको-फ्रेंडली गणेश उत्सव न केवल हमारी परंपरा को जीवित रखता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण भी सुनिश्चित करता है। प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों इस कार्यक्रम के माध्यम से अपने गांव कस्बे मोहल्ले में भी माटी के गणेश बनाने एवं अपने घर में अपने हाथों से बने हुए माटी के गणेश प्रतिमा को विराजित करने का निश्चय किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण और सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित रखने दिया संदेश

# माटी गणेश अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड कन्नौद देवास द्वारा सिद्ध माटी गणेश अभियान अंतर्गत संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सतवास में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य रेखा शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीय, सामाजिक कार्यकर्ता ओम उपाध्याय, सुरेश यादव तथा विद्यालय प्राचार्य आशा जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पूजन-अर्चन व पुष्पार्पण से हुआ।

इसके पश्चात मुख्य अतिथियों का स्वागत श्रीराम जी के दुपट्टे पहनाकर नवांकुर अध्यक्ष दीपक राव, अतुल गुप्ता, हरिओम जारेडा और पवन पुरोहित ने किया। जन अभियान परिषद के परामर्शदाता संतोष जाट ने माटी गणेश बनाने के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पेयजल शुद्ध रखने और आमजन को जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। रेखा शर्मा ने छात्रों और कार्यकर्ताओं से कहा कि "पर्यावरण जीवन का अभिन्न हिस्सा है, इसे बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। माटी के गणेश बनाकर प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को रोका जा सकता है। ओम उपाध्याय ने बताया कि मिट्टी के गणेश की प्रतिमाएं बनाकर घर पर ही गमलों में विसर्जन करने से नदियों व तालाबों के पेयजल को रासायनिक व पीओपी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। राजेश मालवीय ने जन अभियान परिषद की इस पहल को मुख्यमंत्री की अभिनव सोच बताते हुए कहा कि यह प्रयास संस्कृति व पर्यावरण दोनों की सुरक्षा करेगा और समाज को नई दिशा देगा।

कार्यक्रम में वृक्षारोपण के महत्व पर जोर देते हुए अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की गई। कार्यक्रम में प्राचार्य आशा जोशी, जिला समन्वयक सचिन सिंपी, विकासखंड समन्वयक नीरज द्विवेदी, नगर विकास प्रस्फुटन समिति के संजय शर्मा, दीपक राव, हरिओम जारेडा, अतुल गुप्ता, परामर्शदाता दीपक सोनेर, मंगलेश बैरागी, सुधीर सोमानी, शोभा जोशी सहित नवांकुर संस्था के पदाधिकारी, प्रस्फुटन समिति के सदस्य और मुख्यमंत्री सामुदायिक विकास पाठ्यक्रम के छात्र विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन एवं संबोधन शिक्षक मनोज दुबे ने किया, जिन्होंने पर्यावरण सुरक्षा पर प्रेरक गीत भी प्रस्तुत किया।

**खबर संक्षेप**



## घर से नाराज युवती को ट्रेन में बैठने से पहले उतारा

**ललितपुर** । मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष झांसी से प्राप्त सूचना के अनुपालन में उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह कार्रवाई करते हुए,ऑन ड्यूटी टीटीई श्री प्रदीप कुमार रजक,जीआरपी के मुख्य आरक्षी अकील अहमद द्वारा गाड़ी संख्या 01026 के कोच सं. र-5 से घर से नाराज होकर जाने वाली युवती प्रिंसी राजा परमार पुत्री पूरन सिंह परमार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम-पड़रिया थाना-सटई जिला-छतरपुर मप्र को उसकी बड़ी बहन की ननद किरण राजा बुंदेला पत्नी जसवंत सिंह बुंदेला निवासी-आजादपुरा नई बस्ती ललितपुर उ.प्र. मोबाइल नंबर सहित अन्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में उतारा गया,जहां से युवती के पिताजी से संपर्क करने पर उनके द्वारा अपने उक्त रिश्तेदारों के साथ अपनी पुत्री को ले जान की सहमति प्रदान की इसके पश्चात उनके रिश्तेदार युवती को अपने साथ लेकर चले गये।

## मेडीकल संचालक से मारपीट कर धमकाया

**ललितपुर**। थाना मड़ावरा अंतर्गत रहने वाले मानवेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह ग्राम सौंरई में ज्योतिबा फुले स्कूल के पास मेडीकल स्टोर का संचालन करता है। 20 अगस्त को अपराह्न करीब 2 बजे सौंरई के रहने वाले जालम कुशवाहा पुत्र भैयालाल उसकी मेडीकल पर आये और दवाई मांगी। इस पर उन्होंने डाक्टर का पर्चा लाने की बात कही। इस पर जालम कुशवाहा ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। इसी बीच जालम के लड़के बलराम व शैलेन्द्र भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने भी गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

## विवाहित महिला का शव फांसी पर लटका मिला

**ललितपुर**। कोतवाली तालबेहट अंतर्गत ग्राम राजपुर के मजरा बीघा में एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान काजल पत्नी शिवम के रूप में की गयी। घर के अंदर रस्सी के सहारे फंदे पर लटका शव मिलने के बाद जखौरा थाना पुलिस को सूचना दी गई। मृतका महिला काजल का शव मिलने से हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मायके पक्ष के अनुसार, काजल की शादी दो साल पहले शिवम से हुई थी। परिवार का आरोप है कि संतान न होने के कारण ससुराल वाले उनकी बेटी को प्रताड़ित करते थे। शनिवार सुबह करीब 10 बजे घटना की जानकारी मिली। अनुपम लिटोरिया पूर्व प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया, महिला के कोई संतान नहीं है। और 2 वर्ष पूर्व महिला की शादी शिवम कुशवाहा के साथ हुई थी, और दोनों हंसी-खुशी रहते थे, जिसको लेकर जानकारी दी है। जखौरा थाना प्रभारी हरिशंकर ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। मायके पक्ष ने ससुराल वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जखौरा थाना प्रभारी हरिशंकर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा।

## जबरन मजदूरी कराने के विरोध पर मारपीट की

**ललितपुर**। तालबेहट अन्तर्गत ग्राम बुदावनी निवासी राजकुमार पुत्र हल्का अहिरवार ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 21 अगस्त को शाम करीब 6.30 बजे वह अपने घर के बाहर था, तभी गांव के रामकंकन पुत्र जगदीश लोधी आये और उससे मजदूरी करने की बात कहने लगे, जब उसने मजदूरी करने से मना कर दिया तो रामकंकन पुत्र जगदीश लोधी, शिवकुमार पुत्र रामकंकन, कमलेश पुत्र श्रीपत लोधी आये और उसके साथ गालियां देने लगे, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये अपमानित करने लगे।

### समाधिस्थ आचार्य श्री व नवाचार श्री और ससंघ पर आपत्तिजनक टिप्पणी

# विद्यावंशी जैन व सनातनी समाज में आक्रोश पीएम के नाम जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

श्री दिगंबर जैन समाज विद्यावंशी ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जिसमें संतोष कुमार पटना एवं उनके साथी निवासी वर्णी कॉलोनी सागर (मध्य प्रदेश )के द्वारा इस युग के जन-जन के महान संत समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर महा मुनिराज एवं नव आचार्य श्री समय सागर महामुनिराज एवं सभी निर्यापक मुनि ,साध्वियों पर अशोभनीय टिप्पणी पिछले दिनों जिज्ञासा समाधान अशोकनगर कार्यक्रम में अशोभनीय टिप्पणी एवं असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए खुले मंच से गुरुजनों के प्रति श्रमण संस्कृति पर कुठाराघात आविवेक पूर्ण वक्तव्य देकर साधु परंपरा का घोर अपमान किया साथ ही संपूर्ण जैन एवं जैनत्तर समाज की आस्था , गौरव, एवं मर्यादा पर आघात करने वाला अत्यंत निंदनीय कृत्य है एवं कार्यक्रम में हस्य मुद्रा मे बाचन करता संतोष जैन की कार्य प्रणाली से संपूर्ण श्रवण संस्कृति को गहरा आघात लगा है । उक्त कृत्य क्षमा योग नहीं है ललितपुर की जैन समाज एवं जैनत्तर समाज इसकी घोर निन्दा करती है ।







### ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

ज्ञापन देने में सुमन जैन मधु जैन अलका जैन मीना जैन स्वाति जैन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद इमलिया , पूर्व अध्यक्ष अजित खजुरिया , कमलेश सराफ, जय कुमार महोली ,संतोष इमलिया , प्रेस क्ल क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष नवल सोनी सुधांशु शेखर हुंडेत, रामेश्वर मालवीय शुभम कौशिक भारत रिछारिया नगर अध्यक्ष राजू सेठ एरा रामराजा व्यायामसाला संजय सेन मांगू पहलवान नवनीत किलेदार साहू समाज से संतोष साहू प्रिंस साहू मुकेशसाहू , वीर व्यायाम साला विजय पहलवान बसंत जैन सुबोध गोस्वामी आशीष जैन अजय रस्सी मनीष सडैया ,राजू सिंधी, राहुल गुप्ता राजेश दुबे शशीकांत दिक्षित राहुल सिंघई राजेंद्र मास्टर हिंदू जागरण मंच शैलेंद्र सिंह बुंदेला राहुल गुप्ता, राजाराम व्यायामशाला संजय सेन खुशी लाल कुशवाहा हनुमत हलवाई विजय प्रजापति दीपक साहू विजय कॉफी हाउस अजय तोमर राजकुमार कैप्टन डॉ संजीव कड़की एडवोकेट नीरज मोदी रूपनारायणविश्वकर्मा नितेश खरे देवेंद्र कैमरा रमाकांत साहू पर्वत अहिरवार अरुण जैनअनिल चौधरी पंकज मोदी पूर्व पार्षद प्रदीप सतरबांस संभव सिंघई अरविंद नेता नीरज गोना ग्रहण जैन डैनी जैन आशीष सिलगन विनय जैन राजेंद्र मास्टर रितु सरदार राकेश कुशवाहा सुनील सैनी राजेंद्र सोनी राहुल सिंघई सुरेश बडेरा , रविंद्र दिवाकर , शैलेंद्र सिंघई , सुमित समैया, मंगू पहलवान राजेश कैलगबां सोनल सिंघई नीलू बिरधा , अभिषेक बैग नयन टिंकू बरघड़िया विनोद घी सौरभ चिगलुआ गजेंद्र मोदी मनोज चंडरू भागचंद पहलवान सुबोध श्रीवास्तव धनुकुमार जैन अनुपम सी ऐ अविनाश जैन सुधीर जैन संजय जैन सुधीर जैन मनीष मनपसंद विशाल सराफ , संजय जैन रिंकू , कृष्ण बिहारी स्वतंत्र इमलिया अमित इमलिया विपिन हिरावल नितेश सिंघई संजीव नायक उपाध्याय , नितिन अग्रवाल सानूबाबा भानु जैन प्रमाण सागर सेवा दल नयन रोड़ा जिनेंद्र जैन पंकज जैन महावीर कामरा चक्रेश जैन अवधेश नायक, मनीष जैन आशु जैन विपिन रोड़ा आशीष जैन संजीव खरे सुमित अग्रवाल संचित अग्रवाल शांत जैन ट्विंकल नेता पंकज टडैया अजय जैन सिंपल सिंघई, चंदू प्रेस , अरुण जैन , ट्विंकल नेता प्रियंम जैन सनमती गांधी प्रवीण जैन, विकास जैन अनुपम जैन अजय जैन उपस्थित थे।

### सीबीएसई इंटर कॉलेज में हथकरघा प्रशिक्षण

आचार्य श्री विद्यासागर महाराज प्रभावना से प्रेरित होकर ग्राम ईश्वरवारा के जय कुमार ने 1980 में आचार्य श्री से छुल्लक दीक्षा प्राप्त कर गुरु के प्रति शिष्य रूप मे समर्पण किया 1982 में ऐलक दीक्षा लेकर आचार्य श्री को अपना गुरु बनाया और गुरु ने इन्हें अपने प्रिय शिष्य मानते हुए मुनि दीक्षा 1983 को प्रदान की । दयोदय गोशाला को बनाया तपोस्थली आचार्य श्री ने 2018 में जब ललितपुर आये थे तव उन्होंने दयोदय गोशाला में पंचकल्याणक के दौरान 10 ब्रह्मचारियों को दीक्षा देकर इस गोशाला भूमि को तपोस्थली बना दिया। तब से दयोदय गोशाला में प्रतिभास्थली सीबीएसई इंटर कॉलेज हथकरघा प्रशिक्षण निरंतर दिया जा रहा है।

### खाद के लिए तरसते किसान

## आम आदमी पार्टी ने प्रदेश व्यापी आंदोलन कर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

उत्तर प्रदेश में खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को घंटों लाइन में लगने के बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है। यह सरकार की घोर नाकामी और किसानों के साथ किया जा रहा अन्याय है। इसी गंभीर मुद्दे पर आम आदमी पार्टी शनिवार को प्रदेश भर के सभी तहसील मुख्यालयों पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड. ने कहा कि प्रदेश सरकार की लापरवाही ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खेती का मौसम चल रहा है और किसानों को खाद उपलब्ध न कराना सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर हमला है। यह प्रदेश व्यापी आंदोलन सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी तहसील मुख्यालय पर किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह शर्मनाक है कि किसान अपनी ही धरती पर अन्न उपजाने के लिए बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। प्रदेश सरकार केवल बड़े उद्योगपतियों की जेब भरने में लगी है, जबकि अन्नदाता दर-दर भटकने को मजबूर है। उन्होंने कहा की आम आदमी पार्टी की मांग है कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए, खाद वितरण में भारी भ्रष्टाचार और कालाबाजारी खाद वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित हो। दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो खेती का मौसम चल रहा है, लेकिन खाद की कमी से बोआई बाधित किसानों को राहत देने के लिए विशेष सहायता पैकेज घोषित किया जाए। कालाबजारी बिचौलियों तुरन्त एफ.आई.आर. दर्ज की जाये। आरोप लगाते हुये कहा कि प्रदेश सरकार केवल उद्योगपतियों को लाभ पहुंचा रही है, किसानों को प्राथमिकता देकर अन्नदाता के हितों की रक्षा की जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., रमेश कुमार, गनेश राम, बुद्ध सिंह बुन्देला, महेन्द्र कुमार पाराशर एड., मीना, हरीबाई राजपूत, भागवती, बबीता, सरोज, निहाल सिंह राजपूत एड., रानू विदुआ एड., गजराम एड., राघवेन्द्र, हरीराम के अलावा अनेक लोग मौजूद रहे।

### पीएम, सीएम पर अभद्र टिप्पणी

## बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी पर दर्ज कराई एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट थाना क्षेत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष पं.हरिश्चन्द्र रावत ने सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणियों के मामले में एफआईआर दर्ज कराई है। यह प्राथमिकी 22 अगस्त को दोपहर 12.41 बजे दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि तेजस्वी यादव समेत अन्य लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की गई है। जिलाध्यक्ष ने इस संबंध में तत्काल पुलिस को लिखित शिकायत दी, जिसमें उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की धारा 356(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शिकायत की पुष्टि के उपरांत केस दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। मामले की जांच निरीक्षक उदय वीर को सौंपी गई है। शिकायतकर्ता हरिश्चन्द्र रावत, जो ललितपुर जिले के तालबेहट कस्बे के निवासी हैं, ने बताया कि उनके पास सोशल मीडिया से संबंधित सूचना आई थी, जिसे लेकर उन्होंने सक्षम अधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस ने प्राथमिकी की कॉपी श्री रावत को निशुल्क प्रदान कर दी है। मामले को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों में नाराजगी देखी जा रही है।

## धारदार हथियार से महिला पर हमला एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। कोतवाली के ग्राम सतरवांस निवासी रामसखी उर्फ सुबैरानी पत्नी कल्लू उर्फ प्रताप ने पुलिस को तहरीर में बताया कि बीती 19 अगस्त को रात करीब 9.30 बजे वह अपने घर पर थी। तभी गांव की रेखा पत्नी हरीराम, हरीराम पुत्र दौलत, अभिषेक व छोटू पुत्रगण हरिराम एकराय होकर उसके घर हाथों में लाठी-डण्डा व धारदार हथियार लेकर आये और गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके बाल पकड़कर मारपीट कर दी। आरोप है कि अभिषेक न उसके सिर में अन्य धारदार हथियार से प्रहार कर दिया, जिससे उसे गंभीर रूप से चोट आयी है। वहीं बचाव करने आये उसके पति प्रताप के साथ भी मारपीट कर दी गयी। महिला का आरोप है कि अब उक्त लोग उसके पुत्र को आते-जाते धमका रहे हैं कि जहां मिलोगे वहां जान से मार देंगे। पुलिस ने दोनों पुत्रों समेत दंपती पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### फोटोग्राफर एसोसिएशन की संगोष्ठी संपन्न

## शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए फोटोग्राफरों ने उपस्थित होकर फोटोग्राफर एकता को दर्शाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

स्थानीय कंपनी बाग में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए फोटोग्राफरों ने उपस्थित होकर फोटोग्राफर एकता को दर्शाया। साथ ही फोटोग्राफर को आ रही समस्याओं पर चर्चा कर फोटोग्राफी के नए गुण सिखाने के लिए प्रदेश के मुखिया से एक फोटोग्राफी क्लास का आयोजन करने के लिए निवेदन किया। उन्होंने सभी फोटोग्राफर भाइयों को आश्वस्त किया कि बहुत ही जल्द शहर में वह फोटोग्राफर भाइयों के लिए प्रशिक्षकों को भेजेंगे जिसमें सभी फोटोग्राफरों ने विगत वर्षों से लखनऊ में हो रहे फोटोग्राफी एग्जीबिशन के पोस्टर का अनावरण किया। इस दौरान शीलचंद श्रीवास, ब्रजेश साहू, हरनारायण विश्वकर्मा, अक्षय जैन, लखन पाली, गौरव गोलू, प्रेम रोड़ा, कल्लू डोंगरा, शिवम साहू, रोहित प्रजापति, ऋषि कुशवाहा, करण कुशवाहा, शंकर कुशवाहा, काशीराम कचनौंदा, अमन विश्वकर्मा, भगवानदास रोड़ा, हर्षित कुशवाहा, अखिल पंथ, श्रीराम नामदेव, राधे नेहरू नगर, जगदीप कुशवाहा, अभय दिवाकर, देवेंद्र पिशनारी, राकेश नामदेव, धर्मेंद्र कुशवाहा पिसनारी, देवेंद्र विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। संगोष्ठी का संचालन ब्रजेश साहू ने व आभार शीलचंद्र ने जताया।

### उपजिलाधिकारी के निर्देशन पर बड़ी कार्रवाई

## पुलिस ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली का चावल पिकअप गाड़ी से किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

तालबेहट उपजिलाधिकारी के निर्देशन पर गुरुवार रात पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर बड़ी कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) एवं आंगनबाड़ी (आईसीडीएस) योजना में बांटे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा। वाहन से लगभग 26.50 क्विंटल चावल बरामद किया गया, जिसे कालाबाजारी के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, पिकअप (संख्या यू.पी. 94 टी 8232) चालक सुनील रैकवार निवासी ग्राम बांसी ने बताया कि वह गाड़ी मालिक दीपक रैकवार के निर्देश पर गांव-गांव से चावल एकत्रित कर मध्य प्रदेश के चकरपुर में बेचने ले जा रहा था। मौके पर कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। बरामद चावल की जांच भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) की टीम द्वारा कराई गई, जिसमें यह फोर्टिफाइड चावल पाया गया। इसके बाद चावल की बोरियों को स्थानीय उचित दर विक्रेता खिलन के सुपुर्द किया गया। पूरा मामला आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 3/7 के तहत दर्ज किया गया है। वाहन मालिक दीपक रैकवार और चालक सुनील रैकवार दोनों पर आरोप तय किए गए हैं। पुलिस ने गाड़ी को सीज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पेट्रोल पंप सेठ से मांगे शराब पीने के लिए रुपए, न देने पर जान से मारने की दी धमकी

### डीजल चोरी की घटना करने पर पूछताछ में विवाद हो गया

**ललितपुर**। शहर क्षेत्र के मोहल्ला छत्रसालपुरा निवासी विवेक जैन उर्फ जिमी पुत्र मुन्नालाल ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 जुलाई को ग्राम नदनवारा स्थित पृथ्वीराज फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प पर कार्यरत सहदेव यादव पुत्र स्व.कुंवरराज यादव द्वारा डीजल चोरी की घटना करने के सम्बन्ध में पेट्रोल पम्प संचालक राजाराम कोरी पुत्र अड़कू प्रसाद द्वारा पूछताछ में विवाद हो गया। इसके बाद 16 जुलाई को सहदेव यादव ने शराब के नशे में उसके बस स्टेण्ड के पास स्थित पेट्रोल पम्प अभिलाषा फिलिंग स्टेशन पर आकर वहां काम करने वाले कर्मचारी मोहल्ला चौकाबाग निवासी योगेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र फेरनसिंह राजपूत को गालियां देते हुये थप्पड़ मार दिया और कॉलर पकड़कर उससे 10 हजार रुपयों की मांग की। आरोप है कि उक्त सहदेव ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुये कहा कि अपने सेठ से 10 हजार रुपये दिला दो, तुम्हारे सेठ बहुत हितैशी हैं, जिससे राजाराम ने उसे काम से निकाल दिया। आरोप लगाया कि सहदेव ने कहा कि 10 हजार रुपये न देने पर तुम्हारे सेठ को जान से मार देंगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सहदेव यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 119 (1), 115 (2), 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### नगर पालिका परिषद के प्रशासक ने आजादपुर वार्ड का किया निरीक्षण

# जलविहार पर्व को लेकर सड़कों व नालियों को साफ रखने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर





नगर पालिका परिषद के प्रशासक मनीष कुमार द्वारा वार्ड नबर 16 और 19 मोहल्ला आजादपुरा प्रथम एवं वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नाली और नालों के ऊपर उग रही घास सफाई करने की निर्देश संबंधित स्वास्थ्य नायकों को नालों एवं नालियों की सफाई एवं नालियों किनारे लगे झाड़ियों आदि के कटाव किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान वॉर्ड के नागरिकों से सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली गई, जिस पर वार्ड के नागरिकों द्वारा साफ-सफाई व्यवस्था से संतुष्टि व्यक्त की गई। इस दौरान प्रशासक द्वारा वार्डों में स्थित नालों का निरीक्षण किया गया, जिसमें उनके द्वारा संबंधित स्वास्थ्य नायक को नालों के पास लगी झाडियों एवं उग रही घास को साफ करने हेतु निर्देशित किया गया। नंबर 16 मोहल्ला आजदपुरा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य नायक को निर्देश दिये कि आगामी समय में जल विहार एवं अन्य त्यौहारों के चलते वाडों में विशेष रूप से सफाई अभियान चलाया जाए, वाडों की नालियों एवं नालों को नियमित रूप से साफ सफाई कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

वार्ड नंबर 19 मु० आजादपुरा द्वितीय के निरीक्षण के दौरान वर्णी चौराहा पर स्थित श्री वर्णी जी की मूर्ति के बगल में लगी बाउण्ड्री की मरम्मत कराये जाने एवं रंगाई-पुताई कर रेडियम लाये जाने हेतु अवर अभियंता को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेन्द्र कुमार, नजूल लिपिक सुधीर रावत, धीरेन्द्र कुमार, गैरिज प्रभारी अमित कुमार रिंकू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर पालिका परिषद प्रशासक और नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी द्वारा वर्णी चौराहे पर लगी श्री आचार्य वर्णी जी की प्रतिमा की पुताई और पुरानी नजाई के पास से वर्णी चौराहे तक के डिवाइडर की पुताई के कार्य का प्रारंभ किया गया। इस समय भादो मास बरसात के लिए उपयुक्त समय माना जाता है फिर वर्षा काल में पुताई का काम कराया जाना चर्चा का विषय है क्योंकि 15 जून से 15 सितंबर तक वर्षा कल का समय माना जाता है फिर ऐसे समय में पुताई का कार्य नगर पालिका ही कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लगा रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में महिलाओं ने जिला कांग्रेस कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

# 'कांग्रेस में हिम्मत है तो लाड़ली बहनों को बोरी में भरकर दिखाएं'

## उधर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष व जिपं सदस्य ने भी रखे अपने-अपने पक्ष, सौंपे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची के पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान आयोजित सभा में जिपं सदस्य द्वारा लाड़ली बहनों के संबंध में दिए गए बयान को लेकर सियासत काफी गर्मा गई है। इस मामले में अब दोनों ही दल आमने-सामने आ चुके हैं।

शुक्रवार को भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनीता दुबे, जिला महामंत्री नीलम सक्सेना के नेतृत्व में अनेकों लाड़ली बहनों ने जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर काफी समय तक प्रदर्शन और नारेबाजी की। हाथों में तख्तियां और बोरे लेकर पहुंची महिलाओं ने कहा कि 'अगर कांग्रेस में हिम्मत है तो हम लाड़ली बहनों को बोरे में भरकर दिखाएं। उधर, जिला पंचायत सदस्य यशवंत गुर्जर ने भी ब्यावरा में प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपाईयों द्वारा उनके बयान को एडिट करके गलत तरह से प्रस्तुत किए जाने का आरोप लगाया।

वहीं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह ने भी माचलपुर में कई महिलाओं के साथ नायब तहसीलदार कार्यालय पहुंचकर एक



ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में कईं लाड़ली बहनों के नाम योजना से हटाने का जिक्र किया। उन्होंने लाड़ली बहनों को 3 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लोक-लुभावन वादे को लेकर भाजपा को आड़े हाथों लिया। बहरहाल, जो भी हो लेकिन लाड़ली बहनों के संबंध में दिए गए उक्त बयान ने जिले में राजनैतिक सरगर्मी बढ़ा दी है।

### मंगल भवन से रैली निकालकर कांग्रेस कार्यालय पहुंचीं महिलाएं

कांग्रेस कार्यालय जाने के पूर्व लाड़ली बहना योजना से लाभान्वित कई महिलाएं सहित भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मंगल भवन में एकत्रित हुईं। यहां उन्होंने कांग्रेस नेता द्वारा लाड़ली बहनों के बारे में दिए गए बयान की कठोर शब्दों में निंदा की और आने वाले समय में कांग्रेस को सबक सिखाने का संकल्प लिया। जिला महामंत्री नीलम सक्सेना ने कहा कि महिलाओं के प्रति कांग्रेस नेता के इस अपमानजनक बयान की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। लाड़ली बहनें आने वाले समय में अपने साथ हुए अपमान का बदला अवश्य लेंगी। इस अवसर पर जिला मंत्री अनीता वर्मा, कंचन सोनी, अमिता मंडलोई, सुनीता व्यास, अंजुम खान, सबा खान, लाड़कुंवर केलवा, सुनीता विश्वकर्मा, अर्चना आचार्य सहित कईं महिलाएं उपस्थित थीं।

### इंका नेता यशवंत गुर्जर ने भी रखा अपना पक्ष, सौंपा ज्ञापन

उधर, कांग्रेस नेता यशवंत गुर्जर जिन पर लाड़ली बहनों को बोरे में भरने जैसा बयान देने के आरोप हैं, उन्होंने अनेकों महिलाओं के साथ पहुंचकर प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैंने लाड़ली बहनों का हमेशा सम्मान किया और सम्मान करता आया हूं। मेरा मकसद वह नहीं था जो बीजेपी के नेता तोड़-मरोड़कर जनता के सामने परोस रहे हैं। मैं तो खुद लाड़ली बहनों की लड़ाई लड़ हूं। सरकार ने लाड़ली बहनों को दी जाने वाली राशि 3 हजार रुपए करने की घोषणा की थी जो आज तक नहीं की गई है। नई महिलाओं के नाम योजना में जोड़ने के संबंध में मप्र सरकार ने पोर्टल भी बंद कर दिया है। मेरे साथ जो महिलाएं आई हैं उनका कहना है कि वे सरकार को बोरे में भरेंगी। माता-बहनों को कोई ठेस पहुंची हो तो मैं क्षमा चाहता हूं और मैं सभी माता-बहनों के साथ हूं।

# अपार आईडी एवं आधार संशोधन के लिए कॉलेज में लगा विशेष शिविर

## उच्च शिक्षा विभाग एवं लोक सेवा केंद्र के सहयोग से हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस राजगढ़ में शुक्रवार को अपार आईडी एवं आधार में संशोधन हेतु विशेष शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार तथा लोक सेवा केंद्र राजगढ़ की टीम के सहयोग से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विपिन बिहारी खरे ने कहा कि विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाना उच्च शिक्षा विभाग व महाविद्यालय की प्राथमिकता है।

इस प्रकार के शिविर विद्यार्थियों को तत्काल समाधान उपलब्ध कराते हैं और उनकी शैक्षणिक प्रगति में सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों की अपार आईडी बनाना, अपार आईडी में मिसमैच सुधार एवं आधार कार्ड में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराना था। आधार कार्ड संशोधन का कार्य आधार सुपरवाइजर हेमराज गुर्जर एवं आधार ऑपरेटर हरिओम भिलाला के सहयोग से किया गया। उक्त शिविर की नोडल अधिकारी डॉ. सुनीता साहू रहीं जिन्होंने जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों को सूचना प्रेषित कर विद्यार्थियों को इस सुविधा से जोड़ा। इस अवसर पर डॉ. रामगोपाल दांगी, प्रो. प्रकाश अहिरवार, डॉ सुभाष कुमार दांगी तथा अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ का विशेष सहयोग रहा। शिविर में कुल 22 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने आधार कार्ड एवं अपार आईडी संबंधी संशोधन करवाएं।

### जिला संयोजक ने बच्चों को बांटे बैग



**राजगढ़।** शासकीय प्राथमिक स्कूल रूघनाथपुरा जनशिक्षा केंद्र कन्या उच्च माध्यमिक खिलचीपुर में शुक्रवार को जिला बेग उपहार योजना मैं कक्षा 1 के बच्चों को आदिवासी कल्याण विभाग की जिला संयोजक निशा जैन द्वारा बैग वितरण किया गया। जिसमें जनशिक्षक रामेश्वर दांगी और प्रधानाध्यापक ममता शर्मा शिक्षक शिवनारायण दांगी एवं निलेश चौरसिया उपस्थित रहे।

राजगढ़ एसडीएम ने पहुंचाया अस्पताल

# हादसा: बकरी से बचाने के चक्कर में बाइक सवार दंपती घायल



**सारंगपुर।** संडावता मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी अनुसार बाइक से घर जा रहे आत्माराम पिता भंवर लाल तथा उनकी पत्नी संजू बाई पति आत्माराम धाकड़ के सामने अचानक बकरी आ गई। बकरी को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसी दौरान मौके से गुजर रहीं राजगढ़ एसडीएम निधि भारद्वाज ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत अपना शासकीय वाहन रुकवाया। उन्होंने न केवल घायलों की हालत जानी बल्कि तत्काल अपने वाहन में बैठाकर उन्हें सारंगपुर सिविल अस्पताल पहुँचाया। अस्पताल में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. मनीष चैहान अपनी टीम के साथ पहले से मौजूद थे,जिसमें डॉ नयन नागर ने तुरंत घायलों का उपचार प्रारंभ किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि एसडीएम भारद्वाज की संवेदनशीलता व त्वरित निर्णय से बड़ी अनहोनी टल गई और घायलों को समय पर जीवनरक्षक उपचार मिल पाया।

बच्चों के साथ अधिकारियों ने किया संवाद, भोजन भी परखा

# जिले की शालाओं में पढ़ने की आदत विकसित करने रीडिंग कैंपेन शुरू

## स्कूल प्रबंधक मध्यान भोजन संचालक को हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शासन के निर्देशानुसार स्कूल चले हम अभियान 2025 के अंतर्गत अप्रैल माह से ही शालाओं में बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बच्चों की पठन क्षमता और पढ़ने की आदत विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय पुस्तकालय की सक्रियता एवं नियमित संचालन पर जोर दिया जा रहा है।

आगामी अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस की तैयारी के तहत जिले की शालाओं में रीडिंग कैंपेन का आयोजन प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत कहानी सुनाओ पहल चलाई जा रही है, जिसके तहत विद्यालयों में उपलब्ध पुस्तकों में से चयनित पुस्तक का वाचन या कहानी



वाचन बच्चों के साथ किया इसके लिए प्रत्येक शाला में एक-एक लोकसेवक को नामित किया गया है। नामित लोकसेवक अपनी आवंटित शालाओं में 22 अगस्त 2025 को पहुँचकर पुस्तकालय रीडिंग कॉर्नर का अवलोकन किया तथा पुस्तकालय संचालन हेतु आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही वे बच्चों के साथ पुस्तक वाचनध्कहानी वाचन कर अभियान को गति प्रदान की, इस अभियान के तहत माध्यमिक विद्यालय बलोड़ी में एसडीएम रोहित बम्होरे एसडीओपी अरविंद सिंह ने पहुंच कर स्कूली बच्चों से संवाद किया और मध्यान भोजन भी परखा। इस दौरान बीआरसी बीएल वर्मा, को निर्देश दिए कि स्कूल प्रबंधक एवं मध्यान भोजन संचालक को हटाने की कार्यवाही की।

# महिलाओं को साथ कांग्रेस ने प्रदर्शन कर दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**माचलपुर।** ब्लॉक वा नगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीदार रामनिवास धाकड़ को सौंपा। जिसमें लाड़ली बहना योजना में की बिना किसी जांच पड़ताल पात्र बहिनों को वंचित रखा व जुड़े नमो में काट छाट कर लाडली बाहनाओ को वंचित रखा हुआ है। साथ सरकार ने चुनाव के समय 3 रुपए माह देने का वादा किया था दो वर्ष होने के बाद भी उक्त राशि नहीं देकर लाडली बहिनों के साथ छलावा किया जा रहा है अगर उक्त घोषणा अनुसार नहीं बढ़ाई जाती तो बहनों के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियवृत सिंह ने कहा कि कांग्रेस नारी सम्मान में हमेशा आगे रही पहली महिला प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति,लोकसभा अध्यक्ष कांग्रेस ने बनाई थी आज केंद्र भाजपा सरकार के रहते मणिपुर में महिलाओं की क्या दुर्गति हो रही ये पूरा देश देख रहा।

# माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान से दिया गया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के तत्वाधान में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को आजीविका मिशन सभा गृह में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं घर-घर मिट्टी के गणेश की स्थापना को बढ़ावा देना। कार्यक्रम के पूर्व अतिथियों द्वारा मां भारतीय के चित्र पर मालार्पण किया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया, प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समितियों के सदस्य छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान समाजसेवी सुशील व्यास ने कहा कि मिट्टी गणेश प्रतिमाएँ विसर्जन के बाद प्राकृतिक रूप से मिट्टी में मिल जाती हैं, जिससे प्रदूषण नहीं होता। वहीं प्लास्टर ऑफ पेरिस (पी.ओ.पी.) की मूर्तियाँ पानी में घुलती नहीं हैं, जिससे जल प्रदूषण फैलता है और जलीय जीवों को नुकसान होता है। श्री व्यास ने प्रतिभागियों को मिट्टी प्रतिमा निर्माण की प्रक्रिया भी समझाई।

### राणी सती दादी का उत्सव मनाया जा रहा धूमधाम से

**माचलपुर।** नगर में राणी सती का दो दिवसीय उत्सव प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी खरेशवाला परिवार द्वारा बड़ी श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। सर्वप्रथम डेली पूजा उपरांत भोलाराम मंदिर से राणी सती दादी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई जिसमे बैंडबाजो की धुन पर राणी सती की दादी की आकर्षक पालकी युवा अपने कंधों पर लेकर चल रहे थे ये यात्रा नगर के मुख्यमार्गों से होकर निकली जिस पर नगर वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा उत्सव स्थल अग्रवाल धर्मशाला पहुंची जहां दादी का अभिषेक सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान किए फिर सकरा भोग एवं आरती हुई दादी का मंगला चरण, झाबर झोल्या भोग दर्शन तथा जागरण वा भजन संध्या आयोजित हुई जिसमे उपस्थित भक्तों द्वारा पुरी रात्रि राणी सती दादी के भजनों की प्रस्तुति दी।

# नरसिंहगढ़ में डिजिटल बारकोड डोर नंबर प्लेट अभियान शुरू



**नरसिंहगढ़।** शुक्रवार को नपा ने नगरीय क्षेत्र के सभी भवनों, दुकानों और होटलों पर डिजिटल बारकोड युक्त डोर नंबर प्लेट लगाने का अभियान शुरू किया है। सम्बंधित एजेंसी के साथ नपा की सर्वे टीम प्रत्येक वार्ड में अभियान चलाकर प्लेट लगाने कार्य करेगी। इस सम्बंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि यह प्लेट विशेष रूप से बारकोड युक्त होगी। इसके माध्यम से संबंधित परिवारध्भवन की समस्त जानकारी डिजिटल रिकॉर्ड में उपलब्ध रहेगी और भविष्य में नगर पालिका कर भी सीधे इसी बारकोड से जमा किए जा सकेंगे। प्रत्येक भवन, दुकान एवं होटल के लिए 120 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। नपा का कहना है कि आगे चलकर सभी सेवाएं इसी बारकोड डोर प्लेट से जुड़ेंगी। इसलिए नागरिक अनिवार्य रूप से प्लेट लगवाएं।

# सारंगपुर नपा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में अव्वल

**सारंगपुर।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनहरे के नेतृत्व में सारंगपुर नगर पालिका ने सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण कर एक बार फिर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। जानकारी के अनुसार, आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराई गई विभिन्न प्रकार की शिकायतोंकृजिनमें जल प्रदाय संबंधी 01, राजस्व संबंधी 02, स्वच्छता संबंधी 04, प्रकाश व्यवस्था संबंधी 02, प्रधानमंत्री आवास से जुड़ी 06, निर्माण संबंधी




01 तथा स्थापना संबंधी 02 शिकायतें शामिल थींकृका समय पर और संतोषजनक समाधान कराया गया। सीएम हेल्पलाइन डैशबोर्ड पर जारी जुलाई 2025 की ग्रेडिंग में नगर पालिका परिषद सारंगपुर को 100 प्रतिशत रेटिंग प्राप्त हुई, जिससे नगर पालिका ने पुनः जिले में अव्वल स्थान हासिल किया। सीएमओ सुनहरे ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए कि शासन की सभी हितग्राही मूलक योजनाओं और नगर पालिका द्वारा प्रदत्त सेवाओं को सुगमता से आमजन तक पहुँचाना सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता न पड़े। साथ ही यह भी कहा गया कि सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित और संतोषजनक निराकरण करने के लिए शिकायतकर्ताओं से सीधे संपर्क स्थापित किया जाए।

# सरकारी स्कूलों के बच्चों को वितरित की पुस्तकें, पैंसिल, कवर रोल



**राजगढ़।** विनायक शिक्षा एवं संस्कृति प्रचार समिति अनवरत रूप से समाज में शिक्षा की अलख जगाने सहित अन्य सामाजिक कार्य करती आ रही है। इसी कड़ी में समिति के अध्यक्ष एवं केरियर कान्वेंट स्कूल के संचालक राकेश पांडे ने अपने पिताजी स्वर्गीय एमके पांडे की पुण्यतिथि पर शासकीय प्राथमिक शाला प्रतापगंज एवं प्राथमिक विद्यालय कराड़िया पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं को सुंदर लेखन अभ्यास हेतु गिनती लेखन, स्वर लेखन, व्यंजन लेखन, कर्सिव इंग्लिश लेखन की पुस्तिकाएं वितरित की। इसके साथ ही बच्चों को पैंसिल एवं कवर रोल भी वितरित किए गए। बच्चों को सुंदर लेखन के तरीकों के साथ उसके महत्व तथा आवश्यकता के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्थाओं के शिक्षक श्रृष्टि पांडे, ऊषा हाड़ा, गंगा सौंधिया, नरेंद्र जाधव, सीमा सोनी, मनोज पुष्पद, मुकेश प्रजापति सहित अन्य उपस्थित थे। स्टाफ सदस्यों ने संस्था का आभार भी व्यक्त किया।

### रीडिंग कैम्पेन अभियान में पहुंचीं खिलचीपुर एसडीएम



**राजगढ़।** शासकीय प्राथमिक स्कूल रूघनाथपुरा जनशिक्षा केंद्र कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय खिलचीपुर स्कूल चलें अभियान 2025 के अंतर्गत बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम के आयोजन में रीडिंग कैम्पेन के लिए कहानी सुनाओ अभियान पहल के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी खिलचीपुर अंकिता जैन ने विद्यालय में उपस्थित होकर कहानी सुनाई जिसमें खिलचीपुर बीआरसी नौशाद अली खान, अनुपम फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश दाँगी, प्रधानाध्यापक ममता शर्मा, शिक्षक शिवनारायण दाँगी एवं निलेश चैरसिया और ग्रामीण,विद्यार्थीयो के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# गांव तो डूब गया 'साहब' बच्चों का भविष्य ही बचा लीजिए, स्कूल बिल्डिंग का फंड मौजूद बस जगह नहीं

**सरकारी जमीनों पर लोगों से जमा रखा है कब्जा, बीईओ बोले - जमीन मिल जाए तो पैसे की कोई दिक्कत नहीं**
**वर्तमान में निजी बिल्डिंग में स्कूल लगाने को मजबूर हैं शिक्षक, प्रशासन चाहे तो निकल सकता है समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

दूधी गांव तो मोहनपुरा डेम के भराव में डूब गया और उसका मुआवजा भी संबंधित ग्रामवासियों को मिल गया। इसी के साथ ही दूधी में मासूम बच्चों का प्राथमिक स्कल भी डूब गया।

हालात यह है कि पिछले कई सालों से निजी बिल्डिंग में बच्चों का भविष्य संवारने में लगे है शिक्षक परंतु यह सिर्फ एक बैकल्पिक व्यवस्था का हिस्सा है न ही तो बच्चों को समय पर मिड डे मील मिल रहा है और न ही खेल कूद के लिए उचित स्थान जहां पर गाय- भैंस बांधी जाती है ठीक उसके पास ही बच्चों को पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों और अविभावकों को इंतजार है कि जब उनके नौनिहाल भी आगे बढ़ेंगे और प्रशासन इसमें उनकी मदद करें।

### डूब के बाद बची जमीन पर कर रखा है ग्रामीणों ने कब्जा

शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हमारे पास स्कूल के लिए फंड मौजूद है बस जगह की कमी है। हमने कोशिश की परंतु सराकारी जमीन पर लोगों का कब्जा है ऐसे में स्कूल के लिए ही जगह मिलना मुश्किल हो रहा है। यदि राजस्व को ग्रामीण मदद करें तो हम स्कूल बनाने के लिए तैयार है। जिसिसे बच्चों का भविष्य संवारा जाए। पिछले कई सालों से हम बिल्डिंग के लिए जमीन की मांग कर रहे है।

### 200 बीघा सरकारी जमीन फिर भी नहीं बन पर रहा स्कूल

ग्रामीणों का कहना है कि डूब के बाद भी 200 बीघा सरकारी जमीन है लेकिन फिर भी न ही आंगनबाडी भवन और न ही प्राथमिक स्कूल ही बन पा रहा। वहीं दूसरी तरफ बहुत बड़ा राधा स्वामी आश्रम बना है, जहां सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन दबा रखी है। आश्रम में भी स्कूल लगाने की गुहार लगाई लेकिन जगह नहीं दी गई है। ग्रामवासियों में नवल सिंह गूदेन, जंगल सिंह, कुणाल गूदेन आदि का कहना है कि हमने कई बार एसडीएम,सीईओं बीईओ को लिखित में आवेदन दिए परंतु अभी तक कोई हल नहीं निकल पाया है।



### इनका कहना है...

ग्राम दूधी के ग्रामीणों ने शाला भवन के लिए आवेदन दिया है। तहसीलदार से जांच रिपोर्ट मंगवाई है। जांच रिपोर्ट आने के बाद तत्काल उचित कार्रवाई की जाएगी।

गीतांजलि शर्मा, एसडीएम ब्यावरा

हमारे पास स्कूल निर्माण के लिए फंड की कोई परेशानी नहीं है। यदि जमीन मिल जाए तो हम स्कूल निर्माण के लिए तैयार हैं।

दिलीप शर्मा, बीईओ ब्यावरा